## पिता-पुत्र ने सगी बेटी-बहन के साथ किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर भांडा फूटा

साबरकांठा (ईएमएस) पिता-पुत्री और बहन-भाई के पवित्र रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना साबरकांठा से सामने आई है। पिता ने अपनी सगी बेटी और भाई ने सगी बहन के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के इस मामले में अन्य शख्स जो पीड़ित की लड़की के पिता को दोस्त है, वह भी शामिल है। पिता-पुत्र के पाप का भांडा उस वक्त फूट गया, जब नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। पीड़ित लड़की की माता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। पवित्र रिश्तों को तार तार कर देनेवाली यह घटना साबरकांठा जिले के तलोद की है। जहां एक प्रवासी परिवार की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्मी और कोई नहीं पीड़ित के सगे पिता और सगे भाई समेत उसके पिता के दोस्त ने किया। तीनों आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अलग अलग जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों के पाप का भांडा तब फूट गया, जब नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। पीड़िता की माता को जब पता चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने कल्पना तक नहीं की होगी उसका बेटा और पति अपनी सगी बहन-बेटी के साथ दुष्कर्म कर सकता है। महिला ने तुरंत अपने पति, बेटे और पति के दोस्त के खिलाफ तलोद पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी। तलोद पुलिस ने दुष्कर्म और पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। घटना सामने आने के बाद लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। लोगों की मांग है कि ऐसे दुष्कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# आदिवासी खिलाड़ियों में जोश भरने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत

गांधीनगर 09 अगस्त

राज्य सरकार नई पहलों और सहायताओं के जरिए आदिवासी खिलाड़ियों में जोश भरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके अंतर्गत वर्ष 2023-24 में अरवल्ली, बनासकांठा, भरूच, दाहोद, डांग, नर्मदा, नवसारी, पंचमहाल, साबरकांठा, सूरत, तापी और वलसाड के 15 जिला स्तरीय खेल स्कूलों के लिए 13,91,70,615 रुपए का अनुदान आवंटित किया गया है। इन स्कूलों में 1000 से अधिक आदिवासी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यही नहीं, गत 10 वर्षों में 15 आदिवासी खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा पुरस्कार के रूप में 1 करोड़ 39 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। गुजरात सरकार ने राज्य के होनहार खिलाड़ियों में निहित क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें आवश्यकता-आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराकर 'चैंपियन' तैयार करने के लिए 'शक्तिदूत योजना' लागू की है। इस योजना के अंतर्गत सरिता गायकवाड़ को वर्ष 2017 से 2024 के दौरान 12 लाख रुपए की सहायता दी गई है, जबकि मुरली गावित को इसी अवधि के दौरान 55,92,806 रुपए की सहायता प्रदान की गई है।

राज्य सरकार 'स्वामी विवेकानंद गैर-निवासी प्रतिभा संवर्धन केंद्र' के अंतर्गत प्रति खिलाड़ी सालाना लगभग 65 हजार रुपए का खर्च करती है। इस योजना के अंतर्गत 336 आदिवासी खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 7 रजत और 17 कांस्य सहित कुल 24 पदक जीते हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद प्रतिभा संवर्धन केंद्र-आवासीय अकादमी के तहत प्रति खिलाड़ी सालाना लगभग 3 लाख रुपए का खर्च किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्र के 444 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 350 और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 41 सहित कुल 391 पदक अपने नाम किए हैं। खेल क्षेत्र में राज्य सरकार की एक और पहल- 'इनस्कूल योजना' के अंतर्गत 14 आदिवासी जिलों के 79 स्कूलों में विद्यार्थी विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें स्कूल के दौरान 37,000 और आफ्टर सेशन में 4000 से अधिक खिलाड़ी शामिल हैं। इतना ही नहीं, गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में स्थित 9 'खेलो इंडिया जिला केंद्र' में कुल 292 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए मेगा स्पोर्टिंग इवेंट 'खेल महाकुंभ' के अंतर्गत 2023 में आयोजित खेल महाकुंभ 2.0 में 16,86,331 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। विजेताओं को गुजरात सरकार की ओर से करोड़ों रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के आयोजन में भी राज्य सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2023-24 की 67वीं एसजीएफआई की अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 प्रतिस्पर्धाओं में 24 लड़कियों और 9 लड़कों सहित गुजरात के कुल 33 खिलाड़ियों ने खो-खो, हैंडबॉल, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, सॉफ्ट टेनिस, वॉलीबॉल और कुश्ती जैसे खेलों में पदक जीते हैं।

## कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' को बड़ा झटका, राजकोट के पीड़ित परिवारों ने शामिल होने से किया इंकार

अहमदाबादः गुजरात में कांग्रेस कीन्याय यात्रा को शुरुआत के साथ ही बड़ा झटका लगा है। राजकोट टीआरपी गेमजोन अग्निकांड के पीड़ितों ने कांग्रेसकी न्याय यात्रा में जुड़ने और शामिल होने से मना कर दिया है। गुजरात कांग्रेस ने राज्य में पिछले महीनों में हुए बड़े हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए मोरबी से यात्रा की शुरुआत की है। कांग्रेस की यात्रा 9 अगस्त को मोरबी ब्रिज हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई, लेकिन उधर राजकोट में कुछ पीड़ित परिवारों ने न्याय यात्रा में शामिल होने से मना कर दिया।

अपने परिवार के सदस्यों को गंवाने वाले इन पीड़ितों का कहना है कि न्याय यात्रा से कोई न्याय नहीं मिलने वाला है। जो भी न्याय मिलेगा वह कोर्ट से मिलेगा। तो वहीं दूसरी कुछ पीड़ितों ने साकार की तरफ से की जा रही जांच पर संतोष व्यक्त किया है। इस कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

गुजरात में कांग्रेस को न्याय यात्रा की शुरुआत के साथ ही बड़ा झटका लगा है। मोरबी से यात्रा के शुरू होने के साथ ही राजकोट के पीड़ित परिवारों ने इस यात्रा का हिस्सा बनने से मना कर दिया है। टीआरपी गेमजोन अग्निकांड के पीड़ितों ने कहा कि न्याय यात्रा से कुछ नहीं होगा।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुजरात दौरे में राजकोट, वडोदरा और सूरत समेत मोरबी के पीड़ितों से मुलाकात की थी। राजकोट के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पहली मासिक बरसी पर कांग्रेस ने राजकोट का बंद भी रखा था। जो सफल हुआ था। राजकोट के कुछ पीड़ितों द्वारा न्याय यात्रा में शामिल होने से इंकार करने पर कांग्रेस ने इसे बीजेपी की साजिश करार दिया है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस समिति (जीपीसीसी) के प्रवक्ता हेमांग रावल ने कहा कि मोरबी से शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा को लोगों का समर्थन मिला है। इसी को देखते हुए बीजेपी घबरा गई है।

## टैंकर और ईको कार के बीच भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत

पंचमहल (ईएमएस) जिले के गोल्लाव के पास एक ईको कार और टैंकर के बीच दर्दनाक हादसा होने की खबर है। इस हादसे में इको में सवार 7 में से 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए वडोदरा भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक पंचमहल जिले के गोधरा में गोल्लाव के निकट टैंकर और ईको कार के जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टैंकर की टक्कर से ईको कार के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। टैंकर की टक्कर से ईको कार की हालत यह हो गई थी कि उसमें फंसे लोगों को कार के पतरे काट कर बाहर निकालना पड़ा। गंभीर रूप से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक और शख्स की मौत हो गई। अन्य दो में से एक व्यक्तिकी हालत बेहद गंभीर है, उसे आगे के इलाज के लिए वडोदरा भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि ईको में सवार लोग छोटाउदेपुर जिले के रहनेवाले थे। घटना के वक्त कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

## राजकोट में बीजेपी सांसद के कार्यालय में नहीं है फायर एनओसी, अग्निशमन विभाग ने जारी किया नोटिस

राजकोट,9 अगस्त

आग लगने की घटना के बाद अग्नि सुरक्षा सुविधाओं की कमी के कारण कईस्कूलों, दुकानों, कॉम्प्लेक्स समेत कई जगहों को सील कर दिया गया. हालांकि, इस बीच पिछले महीने राज्यसभा सांसद राम मोकारिया की कंपनी मारुति कूरियर के कॉरपोरेट हाउस में आग लगने की घटना हुई थी. जांच के बाद पता चला कि कार्यालय में कोई फायर एनओसी नहीहैऔर नगर पालिका के अग्निशमन विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया था।

राजकोट में टीआरपी गेम ज़ोन में आग लगने की घटना के बाद, राजकोट नगर निगम ने फायर एनओसी जारी की। मामले में नोटिस जारी कर भवनों व गोदामों को सील करने की कार्रवाई की गई। राजकोट में याग्निक रोड पर मारुति कूरियर के कॉर्पोरेट हाउस को भी नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यालय राज्यसभा सांसद राम मोकारिया का है और वह खुद भी इसी कार्यालय में बैठते हैं, जहां फायर एनओसी नहीं होने पर नगर पालिका के अग्निशमन विभाग की ओर से नोटिस भेजा गया है.

प्राप्त विवरण के अनुसार नियमानुसार व्यावसायिक परिसर की ऊंचाई 9 मीटर से अधिक होने पर फायर सिस्टम लगाना अनिवार्य है। लेकिन मारुति कूरियर के ऑफिस में फायर सिस्टम नहीं होने के कारण अग्निशमन विभाग की ओर से नोटिस भेजा गया है. इस नोटिस के मिलने के एक सप्ताह के अंदर फायर सिस्टम के संबंध में कार्रवाई नहीं करने पर बिल्डिंग को सील करने का प्रावधान है.

हालांकि, जुलाई महीने के दौरान याग्निक रोड पर मारुति कूरियर के कार्यालय में एक पार्सल के अंदर आग लग गई। वहां मौजूद कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझा दी, लेकिन आग की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी भी भेजी गई। बाद में जांच में पता चला कि फायर एनओसी नहीं थी। इसलिए अग्निशमन विभाग की ओर से उन्हें नोटिस भेजा गया है, जिससे पता चलता है कि उनके पास फायर एनओसी नहीं है।

# गुजरात स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, डेंगू पर नियंत्रण के लिए चलाया गया अभियान

9 अगस्त 2024

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस वर्ष जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान पूरे राज्य में स्वास्थ्य शिक्षा के विभिन्न माध्यमों से डेंगू रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

जैसा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचीबद्ध किया गया है, डेंगू एक बीमारी है जो आर्बोवायरस के कारण होती है और एडीज एजिप्टी मच्छर द्वारा फैलती है। यह मच्छर एक चम्मच भर पानी में भी अंडे देता है और दिन भर काटता है। आमतौर पर जुलाई से अक्टूबर महीने के दौरान डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी होती है।

डेंगू रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरूकता पैदा करने और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी में शामिल होने के लिए हर साल जुलाई महीने को 'डेंगू विरोधी माह' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम समुदाय से जुड़ें, डेंगू पर नियंत्रण रखें तय की गई है। जिसके तहत इस वर्ष डेंगू रोग और उससे होने वाली मृत्यु को रोकने में लोगों का सहयोग प्राप्त करने के लिए पूरे प्रदेश में यह उत्सव एक अभियान के रूप में चलाया गया है।

नागरिकों को डेंगू के मच्छरों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सूची में आगे कहा गया है कि डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें और शरीर के खुले हिस्सों पर मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए मच्छरदानी, सभी जल भंडारण कंटेनरों को वायुरोधी बनाएं, ढक्कन बंद रखें, हर सप्ताह सभी फूलदानों, कुंडों, पक्षियों के घरों और जल भंडारण कंटेनरों को खाली करें, रगड़ें, साफ करें, सुखाएं और उपयोग करें, बेकार खाली कंटेनरों, स्क्रैप का निपटान करें। घर में, छत पर और घर के आसपास टायर, नारियल का खोल आदि।

डेंगू और चिकनगुनिया के लिए कोई विशिष्ट दवा उपलब्ध नहीं है, इसलिए डॉक्टर के मार्गदर्शन के बिना दवा न लें, तेज बुखार, आंखों की पुतलियों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और शरीर पर दाने या खसरा जैसे चकत्ते होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल और डेंगू के लिए संपर्क करना चाहिए। चिकनगुनिया के मरीज को इलाज के लिए एस्पिरिन लेनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की सूची में आगे कहा गया है कि दवा का इस्तेमाल न करें।

## गुजरात की जीवनरेखा सरदार सरोवर योजना का जलस्तर पहुंचा 128 मीटर पर

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात की जीवनरेखा माने जाते राज्य के सबसे बड़े बांध सरदार सरोवर नर्मदा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण मध्य प्रदेश के अधिकांश बांधों से पानी छोड़ना शुरू हो गया है, जिससे नर्मदा बांध का जल स्तर में इजाफा हो रहा है। फिलहाल नर्मदा बांध का जलस्तर 128 मीटर तक पहुंच गया है। जानकारी के मुताबिक जलस्तर अभी भी और बढ़ सकता है। मध्य प्रदेश के बांधों से पानी छोड़े जाने से जलस्तर बढ़ेगा। हाल ही में मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर और इंदिरासागर बांध से पानी छोड़ा गया है, ओंकारेश्वर के 18 गेट, इंदिरासागर बांध के 12 गेट खोले गए है। नर्मदा बांध में अपस्ट्रीम से 1.60 लाख क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। नर्मदा बांध का अधिकतम स्तर 138.68 मीटर है। दूसरी ओर जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में सीजन की कुल औसत से 67 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है कच्छ क्षेत्र में सबसे ज्यादा 86 प्रतिशत से अधिक, दक्षिण गुजरात में 81 प्रतिशत से अधिक और सौराष्ट्र क्षेत्र में 77 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई। जबकि उत्तरी गुजरात में 50 फीसदी और पूर्वी-मध्य गुजरात में सीजन की कुल औसत बारिश से 84 फीसदी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। राज्य में भारी बारिश के परिणामस्वरूप, 47 जलाशय पूरी तरह से भर गए हैं, जबकि 10 जलाशयों को 90 से 100 प्रतिशत भरने के साथ हाई अलर्ट पर घोषित किया

## 20 कोच के साथ देश की पहली वंदे भारत ट्रेन 130 किमी की रफ्तार से दौड़ी

अहमदाबाद (ईएमएस) अहमदाबाद-मुंबई के बीच आज 20 कोच के साथ देश की पहली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल लिया गया। ट्रायल सफल रहा तो इसमें अतिरिक्त कोच जोड़े जा सकते है। बता दें कि फिलहाल अहमदाबाद-मुंबई के बीच वंदे भारत ट्रेन 16 कोच के साथ चल रही है। यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए वंदे भारत ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़ने की कवायद चल रही है। इसी के अंतर्गत आज वंदे भारत ट्रेन में 20 कोच जोड़कर 130 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रायल लिया गया। बताया जाता है कि अगर ट्रायल सफल रहा तो इसमें और भी कोच बढ़ाए जा सकते है। अहमदाबाद के कालूपुर रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रायल की शुरुआत हुई। 20 कोच के साथ शुरू होनेवाली नई वंदे भारत ट्रेन करीब साढ़े चार घंटे में अहमदाबाद से मुंबई पहुंचाएगी। देश में पहली बार वंदे भारत ट्रेन 20 कोच के साथ चलेगी। ट्रेन की सुरक्षा के लिए 24 घंटे आरपीएफ के जवान तैनात किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में साबरकांठा जिले के खेड़ब्रह्मा में राज्य स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

गांधीनगर 09 अगस्त : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को साबरकांठा जिले की खेड़ब्रह्मा तहसील के नवी मेत्राल गांव के आर्डेकता इंस्टीटयूट में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि मूल निवासी के रूप में पहचाने जाने वाले आदिवासी सदियों से आध्यात्मिक रूप से प्रकृति के साथ-साथ बिरसा मुंडा की भी पूजा करते आए हैं। आदिवासी समाज के भव्य इतिहास और गौरवशाली संस्कृति, परम्परा तथा अस्मिता को बनाए रखने के एक भाग के रूप में हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंबाजी से लेकर उमरगाम तक बसे आदिवासी बंधुओं को पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी प्राथमिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयासरत रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात को आदिवासी विकास के एक विशिष्ट मॉडल के तौर पर स्थापित किया है। अगस्त का महीना क्रांति का महीना है। मानगढ़ में गोविंद गुरु हो या पाल दढवाव में मोतीलाल तेजावत, स्वतंत्रता संग्राम के समय आदिवासियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के रूप में भारत को पहली आदिवासी राष्ट्रपति मिली हैं। प्रधानमंत्री ने आदिम समूहों के 30 हजार परिवारों के 1.50 लाख लोगों के विकास के लिए 'पीएम-जनमन' अभियान शुरू किया है।

पटेल ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आवास और सड़क जैसी मनुष्य की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास कर रही है। वन बंधु कल्याण योजना, वन अधिकार अधिनियम, समरस छात्रालय, एकीकृत डेयरी विकास परियोजना और दूध संजीवनी योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में आदिवासी विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान किया गया है। वनबंधु कल्याण फेज-2 के अंतर्गत एक लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान और 30 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, नल से जल, जनजातीय क्षेत्रों में औद्योगिक क्षेत्र-जीआईडीसी की स्थापना से नए रोजगार अवसर उपलब्ध होने के कारण जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार आया है।

उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम' अभियान के तहत देश के 63 हजार गांवों के पांच करोड़ आदिवासियों के सौ फीसदी विकास का संकल्प लिया गया है। आदिम समूहों को सामाजिक और आर्थिक विकास के जरिए मुख्यधारा में शामिल करने के लिए पीएम-जनमन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र के बच्चे शहरी इलाकों में रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकें, इसके लिए शैक्षणिक संस्थान बनाए गए हैं। आदिवासी बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं के लिए कोचिंग क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और आदिवासी कोटे की सीटों को पूर्ण रूप से भरने के लिए 360 डिग्री परिवर्तन लाया गया है।

इस अवसर पर आदिजाति विकास और शिक्षा मंत्री श्री कुबेरभाई डिंडोर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी विकास को गति मिली है। मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए कोचिंग की सुविधा मिलने से आज आदिवासी विद्यार्थी इन कॉलेजों में अध्ययन कर रहे हैं।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के करकमलों से समग्र राज्य में 411.37 करोड़ रुपए के 2240 कार्यों का शिलान्यास और 602.78 करोड़ रुपए के 2053 कार्यों के लोकार्पण सहित कुल 1014.14 करोड़ रुपए के 4293 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।

इनमें से साबरकांठा जिले में मुख्यमंत्री ने 3762.88 लाख रुपए के 216 कार्यों का शिलान्यास तथा 2091.37 लाख रुपए के 197 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 7618 लाभार्थियों को विभिन्न विभागों की व्यक्तिगत योजना के 4682.00 लाख रुपए के लाभ प्रदान किए।

विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदाय के विद्यार्थियों ने परम्परागत सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के एक बालक द्वारा लिखे गए काव्य ग्रंथ का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भारतीबेन पटेल, हिम्मतनगर के विधायक श्री वी.डी. झाला, इडर के विधायक श्री रमणलाल वोरा, प्रांतिज के विधायक श्री गजेन्द्रसिंह परमार, अपर मुख्य सचिव (आदिजाति विकास) श्री जे.पी. गुप्ता, साबरकांठा कलेक्टर श्री नैमेश दवे, रेंज आईजी श्री मनीष सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री हर्षद वोरा, जिला पुलिस अधीक्षक श्री विजय पटेल, परियोजना प्रबंधक श्री विशाल सक्सेना सहित जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैडम अमेरिका में रहती हैं और सरकारी स्कूल में चल रही शिक्षिका की नौकरी,बनासकांठा में हैरान करने वाला मामला

अहमदाबादः गुजरात में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यह मामला बनासकांठा जिले की अंबाजी के पास के एक सरकारी स्कूल से जुड़ा हुआ है। यहां पर एक शिक्षिक अमेरिका में रहती हैं लेकिन वह स्कूल की शिक्षिका भी हैं। मजेदार बात यह है किवह सैलरी भी ले रही हैं। सवालखड़ा हो रहा है क्या स्थानीय अधिकारियों की बिना मिलीभगत के यह संभव है।जांच में सामने आया है कि उनकी जब इच्छा होती है तो वह दिवालीपर10महीने बाद आ जाती हैं औरफिर21दिन की छुट्टियां भी लेतीहैं। अमेरिका में रहकर बनासकांठा जिले के अंबाजी स्थित स्कूल पढ़ा रही शिक्षिका का फर्जीवाड़ा सामने आने पर सरकार में हड़कंप की स्थिति है। यह भी सामने आया है कि शिक्षिका दो महीने भारत में और 10 महीने यूएस में रहती हैं।

गुजरात में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। प्राइमरी स्कूल में तैनात एक स्कूल शिक्षिक सालों से अमेरिका में रह रही हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इसके बाद भी शिक्षिका की गुजरात में नौकरी चल रही है। मामले के खुलासे के बाद अब सरकार के स्तर हड़कंप की स्थिति है।

यह सनसनीखेज मामला बनासकांठा जिले की दांता तहसील में अंबाजी के पास पंचा प्राथमिक विद्यालय का है। स्कूल की शिक्षिक भावनाबेन पटेल पिछले आठ सालों से अमेरिका में रह रही हैं। वे कभी-कभी ही स्कूल में आती है। नवगुजरात समय की रिपोर्ट के अनुसार भावना पटेल के पास अमेरिका का ग्रीन कार्ड भी है, फिर भी भारत के इस सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में उनका नाम दर्ज है। स्कूल बोर्ड पर नाम अंकित है। आरोप है कि इस संबंध में कई बार ज्ञापन देने के बाद भी अधिकारियों की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई है। स्कूल के प्रभारी शिक्षक का कहना है कि वह प्रभारी यह शिक्षक साल में एक बार दिवाली के समय आती हैं। दिवाली की छुट्टियों का वेतन भी निर्धारित करती है।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा का मकसद राज्य में कानून-व्यवस्था बिगाड़ना है : नितिन पटेल

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने राज्य में आज से शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा पर कड़े प्रहार किए। नितिन पटेल ने कहा कि फिलहाल राज्य में कानून-व्यवस्था बेहतर है और उसे बिगाड़ने के लिए कांग्रेस ने न्याय यात्रा का आयोजन किया है। बता दें कि गुजरात कांग्रेस ने मोरबी ब्रिज हादसा, राजकोट गेम जोन अग्निकांड, सूरत तक्षशिला अग्निकांड, वडोदरा हरणी बोट कांड समेत विभिन्न दुर्घटनाओं के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से 9 से 23 अगस्त के दौरान राज्य में न्याय यात्रा का आयोजन किया है। पिछले साल मोरबी में हुई ब्रिज दुर्घटनास्थल से कांग्रेस की न्याय यात्रा आजसे शुरूहो गई है। इस न्याय यात्रा को लेकर राज्य में राजनीति तेज हो गई है। गुजरात भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि वर्तमान में राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर बनी हुई है। कांग्रेस पूरे राज्य की शांति भंग करने के लिए न्याय यात्रा निकाल रही है। मेरे विचारसे अब रैली आयोजित करना अप्रासंगिक है। कांग्रेस की रैली का उद्देश्यअप्रासंगिक है। जिस मुद्दे पर रैली हो रही है उस पर सरकार और हाईकोर्ट ने कार्रवाईकी है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी लगातारमॉनिटरिंग कर रहे है। उन्होंने कहाकिपुरानी घटनाओं को लेकर कांग्रेस का न्याययात्रा काआयोजन ठीक नहीं है। कांग्रेस को अगर राजनीति करनी है तो ऐसे कई प्रसंग आएंगे, जिसे लेकर वह जनता के बीचजा सकती है। नितिन पटेल ने कहा कि पीड़ित परिवार से सहानुभूति हासिल करने के लिए कांग्रेस न्याय यात्रा कर रही है। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्षभरत बोघरा ने कहा कि कांग्रेसने राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए न्याय यात्रा का आयोजन किया है। लेकिन पिछले 28 साल से भाजपा गुजरात की जनता के आशीर्वाद से राज्य में शासन कर रही है। कांग्रेस पर कड़े प्रहार करते हुए भरत बोघरा ने कहा कि कांग्रेस शासन में तो गांव भी गुंडों के नाम से पहचाने जाते थे। पीड़ितों के कंधे पर हाथ रखकर कांग्रेस अपनी राजनीति चमकान निकली है। साथ ही भरत बोघरा ने कांग्रेस पर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का भी आरोप लगाया।

## अमरेली में 'सांडों की लड़ाई' किसने रखी थी... गुजरात हाईकोर्ट का तंज

अहमदाबादः गुजरात हाईकोर्ट ने राज्य में आवारा पशुओं की समस्या को लेकर गंभीर टिप्पणी करते हुए तंज कसा है। आवारा पशुओं पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अमरेली के धारी की घटना का जिक्र करके कोर्ट ने पूछा कि वहां पर 'सांडों की लड़ाई' का आयोजन किसने किया था? कोर्ट ने कहा अब हमें व्हाट्सएप पर भी वीडियो मिलते हैं।धारी के मुख्य द्वार हुई घटना में एक दोपहिया वाहन चालक को सांडों ने कुचल दिया, जबकि एक अन्य मोटरसाइकिल चालक भी बाल-बाल बच गया था। वह अपनी जान बचाकर भाग गया। तो वहीं सड़क से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों में भी सांडों की लड़ाई के कारण भगदड़ मच गई थी। सांडों के हमले में तुषार पटेल नामक डॉक्टर घायल हो गए थे।


गुजरात हाईकोर्ट में निलय पटेल नामक पेटीशनर ने आवारा मवेशियों से हो रहे हादसे पर याचिका 2021 में लगाई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कई निर्देश दिए थे जिस पर राज्य सरकार की ओर से कार्यवाही नही होने के बाद अमित पांचाल नामक याचिकाकर्ता ने कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट की याचिका दाखिल की थी जिस पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अमरेली के धारी के बुल फाइट का जिक्र करते हुए तंज कसा और पूछा की अमरेली के धारी में इस बुल फाइट का आयोजन किसने किया था ? धारी की इस घटना में डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसका संज्ञान तक गुजरात हाईकोर्ट ने लेते हुए कहा की याचिकर्ता तक ने कई तस्वीरें गांधीनगर के अडालज से कलोल रोड तक की कोर्ट को दी हैं।

## वडोदरा में रिटर्निंग दीवार गिरी, मुख्य जल लाइन टूटीः पानी की बर्बादी

वड़ोदरा 9 अगस्त

वड़ोदरा शहर में कल शाम हुई भारी बारिश के कारण कारेलीबाग के कसम आला कब्रिस्तान के पास चतुरभाईचाली में रिटर्निंग दीवार ढह गई और नीचे से गुजरने वाली मुख्य पेयजल लाइन भी ढह गई, जिससे हजारों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो गया। इस टूटी लाइन से नागरवाड़ा क्षेत्र में पानी की समस्या हो जाएगी। गौरतलब है कि छह साल पहले भी इसी दीवार के गिरने से एक महिला समेतकुछघोड़ों की मौत हो गयी थी. हाल ही में दीवार गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गौरतलब है कि कल शाम शहर में कुछ ही घंटों में तीन बार मूसलाधार बारिश हुई.

## संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड ने नए CEO और COO की नियुक्ति की घोषणा की



अहमदाबाद : माइनिंग और मेटल इंडस्ट्री कंपनी, संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (`SMIORE' या 'द कंपनी'), चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) के रूप में कृष्णेंदु सान्याल और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) के रूप में मंजूनाथ प्रभु की नियुक्ति की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। इन लीडरशिप अपॉइंटमेंट्स का उद्देश्य कंपनी के मैनेजमेंट बैंडविड्थ को बढ़ाना और मेटल और माइनिंग इंडस्ट्री में इंटीग्रेशन और सस्टेनेबिलिटी के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ाना है।

नवनियुक्त र्ध्ं कृष्णेंदु सान्याल के पास स्ट्रैटजिक, फाइनेंशियल और ऑपरेशनल लीडरशिप में 32 साल का अनुभव है। उन्होंने भारत और श्रीलंका में टाटा स्टील, थाईलैंड में सियाम इंडस्ट्रियल वायर कंपनी और दक्षिण अफ्रीका में सेडीबेंग आयरन ओर जैसी कंपनियों में काम किया है। कृष्णेंदु के पास ग्लोबल एक्सपीरियंस है और उनका ऑपरेशन एक्सपेंड करने और अधिग्रहण, एकीकरण और विनिवेश के माध्यम से वैल्यू क्रिएट करने का प्रूवन ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। उनके पास देश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक के साथ वैल्यूएबल डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एक्सपीरियंस है, जिसकी कोर वैल्यू एर्श्र्ड के साथ रेजोनेट होती हैं।

इस माइलस्टोन पर कमेंट करते हुए, एर्श्र्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर बहिरजी ए. घोरपड़े ने कहाः ''यह हमारे मैनेजमेंट बैंडविड्थ को बढ़ाने और हमारे नेतृत्व को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक पहल है क्योंकि हम इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को मजबूत करने की अपनी योजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे हम एक सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड फ्यूचर की ओर बढ़ रहे हैं, हमारी स्ट्रैटजिक प्रायोरिटीज के एग्जीक्यूशन को ड्राइव करने के लिए आवश्यक मैनेजमेंट बैंडविड्थ का निर्माण महत्वपूर्ण है। हम एर्श्र्ड परिवार में कृष्णेंदु और मंजूनाथ का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

## इरेडा ने उत्तराखण्ड में स्पोर्ट साइंस सेंटर के विकास के लिए रु 1.05 करोड़ का आवंटन किया

नई दिल्ली, 9 अगस्त, 2024

नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय के तहत नवरत्न पीएसयू इंडियन रीन्युएबल एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) और टीएचडीसीआईएल द्वारा स्पॉन्सर्ड गैर-लाभ पंजीकृत संस्था सेवा-टीएचडीसी के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत इरेडा द्वारा रु 1.05 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उत्तराखण्ड के टिहरी स्थित कोटेश्वर में एक स्पोर्ट साइंस सेंटर हॉल (लगभग 298 वर्गमीटर) के विकास के लिए इस सीएसआर परियोजना को मंज़ूरी दी गई है, यह सेंटर कायकिंग और कैनोइंग में भारतीय एथलीट्स को प्रशिक्षण देगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर मिस डयूरे शाहवार, एडिशनल जनरल मैनेजर (एचआर), इरेडा और श्री अमरदीप, जनरल मैनेजर (एस एण्ड ई), टीएचडीसीआईएल द्वारा किए गए। इस अवसर पर श्री प्रदीप कुमार दास, सीएमडी (इरेडा), डॉ बिजय कुमार मोहंती, डायरेक्टर (फाइनैंस एण्ड प्रोजेक्ट्स), इरेडा, श्री शैलिंदर सिंह, डायरेक्टर (पर्सोनल), टीएचडीसीआईएल तथा इरेडा के अन्य वरिष्ठ प्रबन्धन अधिकारी मौजूद रहे।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोन: 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/ 95